# PRELIMINARY EXAMINATION II (2019-20)

**GRADE: X** **SUBJECT: Hindi** **Date : 8 /1/20**
**Time:3 Hours** **Max Marks: 80**

(1) **इस प्रश्न -पत्र के चार खंड हैं – क,ख,ग, और घ**
(2) **चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है |**
(3) **यथासंभव प्रत्येक खंड के उत्तर क्रमशः दीजिए |**

## खंड - क

**प्रश्न १.निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर शब्दों में लिखिए |** **१०**

मनुष्य के जीवन में आशा-निराशा,सफलता-असफलता,हानि-लाभ,जय-पराजय तथा उत्कर्ष-अपकर्ष आते रहते हैं | इन सब में भी कहीं-ना-कहीं मानव मन की दुर्बलता सफलता उत्साह अनुशंसा कायरता का योगदान अवश्य रहता है प्रायःदेखा गया है कि दृढ़-संकल्प ,उत्साही एवं ओजस्वी पुरुष अपनी शक्ति , उत्साह एवं शौर्य के बल पर जो चाहते हैं उसे प्राप्त कर लेते हैं , जब कि दुर्बल एवं बुज़दिल व्यक्ति दूसरों का मुँह ताकते ही रह जाते हैं |

मन की शक्ति ही कुछ इस प्रकार की है कि उस बल पर व्यक्ति भगवान तक को अपने बस में कर सकता है ऐसे अनेक उदाहरण दिए जा सकते हैं जब मन की शक्ति के कारण व्यक्ति ने बड़ी-से-बड़ी बाधा पर विजय प्राप्त की और अपनी जीत का डंका बजाया | महाराजा रणजीत सिंह की सेना अटक नदी के उफान को देखकर सहम गए,रणजीत सिंह ने ललकारा आगे बढ़ो और उन्होंने अपना घोड़ा अटक में डाल दिया | सारी सेना पार उतर गई विश्व विजेता नेपोलियन ने कहा था असंभव का शब्द मूर्खों के शब्दकोश में मिलता है इस कथन का आधार भी व्यक्ति के मन की शक्ति ही था जिसके मन में आशा है उसका है विश्वास है वह विपत्तियों में भी मुस्कुरा सकता है पराजय में भी अपना धैर्य बनाए रख सकता है और अंततः विजयश्री का वरण करता है|साधारण लोग शरीर की शक्ति को ही सर्वोपरि मानते हैं| उनकी समझ में जो आदमी जितना अधिक हट्टा-कट्टा और मजबूत स्नायुओं वाला होता है,वह उतना ही शक्तिशाली होता है | जो मनुष्य मन के बोझे को आसानी से एक जगह से उठाकर दूसरी जगह रख सकता है,मोटर गाड़ी को पकड़ कर रोक सकता है,लोहे की मोटी छड़ को मरोड़ सकता है,उसे बहुत बड़ा बलवान माना जाता है |लेकिन ऐसा मनुष्य जो बोझ नहीं उठा सकता,ऐसे शक्तिशाली व्यक्ति को ललकार देता है और उसे अपनी आज्ञा अनुसार चलने को बाध्य कर देता है| तब हमको अनुभव होता है कि संसार में स्थूल शक्ति से भी बढ़कर कोई सूक्ष्म शक्ति काम कर रही है जिसका नाम है मन की शक्ति वास्तव में यही मन की शक्ति समस्त कार्यों का मूल कारण है|

**१. मनुष्य के जीवन में क्या बदलाव आते रहते हैं ?** **२**
**२.मानव जीवन के बदलाव में किसका योगदान रहता है ?** **२**
**३.किन गुणों के बल पर मनुष्य मनचाही वस्तु प्राप्त कर लेता है ?** **२**
**४.बाधाओं पर विजय कैसे प्राप्त की जा सकती है ?** **२**
**५.आशा निराशा समस्त पद का विग्रह करते हुए समास का नाम लिखिए |** **१**
**६.उपर्युक्त गद्यांश का शीर्षक लिखिए |** **१**



Scanned by CamScanner

## खंड - ख
## (व्यावहारिक व्याकरण )

(२)शब्द कब पद का रूप कब ले लेते हैं ? उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए | १

**(३)निम्नलिखित वाक्यों को निर्देशानुसार बदलिए |** ३

(क) बालक रोया और चुप हो गया | (सरल वाक्य)

(ख) सूर्योदय होने पर पक्षी चहचहाने लगे | (संयुक्त वाक्य)

(ग) तुम गाड़ी रुकने के स्थान पर चले जाओ | (मिश्र वाक्य)

**(४)(क) निम्नलिखित समस्त पदों का विग्रह कीजिए तथा समास का नाम लिखिए |** २

स्नेहमग्न , अंधकूप

**(ख)निम्नलिखित विग्रहों के समस्त पद बनाकर समास का नाम लिखिए |** २

धर्म से विमुख , विधि के अनुसार

**(५) निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए |** ४

(क) हर एक व्यक्ति ने जूता पहन रखी थी |

(ख) मेरे से कुछ ना पूछो |

(ग) मैंने आज जाना है |

(घ) सुभद्रा कुमारी चौहान उच्च कोटि की कवि थीं |

**(६) उचित मुहावरों द्वारा रिक्त स्थान को पूरा कीजिए |** ४

(क) उसने अपने भाषण में विरोधियों की.................................... दी||

(ख)प्रतियोगी परीक्षाएँ कोई मजाक नहीं है प्रश्न हल करने में.......................... आ जाता है |

(ग)शोभित सब कुछ जानते हुए भी................................ रह गया |

(घ)सुबह से शाम हो गई परंतु मंजिल नहीं मिली यही होता है....................................... |

## खंड - ग
## ( पाठ्य पुस्तक एवं पूरक पाठ्य पुस्तक )

**(७) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए |** ६

(क) लेखक ने व्यावहारिकता को समाज के लिए अच्छा क्यों नहीं माना ?

(ख) तताँरा अपना परम कर्तव्य किसे समझता था ?

(ग) छोटे भाई ने पढ़ाई का टाइम-टेबल क्यों बनाया और फिर उसका पालन क्यों नहीं कर पाया ?

**(८) सच्चे देशभक्त में कौन-कौन से गुण होने चाहिए ? कारतूस पाठ के आधार पर बताइए |** ५



Scanned by CamScanner

**(९)निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए |** ६
(क)बिहारी ने 'जगतु तपोवन सौ कियो' क्यों कहा है ?
(ख) बढ़ती हुई आबादी का पर्यावरण पर क्या प्रभाव पड़ा है?
(ग) 'उड़ा दिए थे मैंने अच्छे-अच्छे सूरमाओं के धज्जे' इसका आशय स्पष्ट कीजिए |

**(१०) कंपनी बाग में रखी तोप हमें क्या सीख देती है ?** ५

**(११)(क) लेखक को किसके सहारे अपनी पढ़ाई जारी रखनी पड़ी ? आप गरीब बच्चों की पढ़ाई जारी रखने के लिए विद्यालयों को क्या सुझाव देना चाहेंगे ?** ३
**(ख)वर्तमान समाज में हरिहर काका जैसे वृद्ध व्यक्तियों के लिए युवा पीढ़ी का क्या कर्तव्य है?** ३

## खंड - घ
## ( लेखन )

**(१२ ) निम्नलिखित विषय पर 80 से 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए |** ६

**जहाँ चाह वहाँ राह**

- इच्छाशक्ति का महत्व
- इच्छाएं और जीवन मूल्य (स्वाभिमान , संतोष , सत्य आदि)
- चाह से राह का निर्माण

(१३)आपके क्षेत्र में पेड़ पौधों के अनियंत्रित कटाव को रोकने के लिए जिला अधिकारी को एक पत्र लिखिए| ५
सूचना ) (१४)हिंदी भाषा के महत्व के विषय में दो छात्रों के मध्य होने वाले संवाद को लगभग 50 शब्दों में लिखिए| ५
(१५) 'भारत की बदलती राजनीति' विषय पर दो छात्रों के मध्य होने वाली बातचीत को संवाद के रूप में 50शब्दों में लिखिए| ५
(१६) जनहित में जारी योग दिवस 50 शब्दों में विज्ञापन लेखन कीजिए | ५

Scanned by CamScanner